ई–मेल/डाक

राजस्थान सरकार
(निर्वाचन विभाग)

कमांक–4(3)(3)/रोल्स/निर्वा/स्वीप/2013/5338 जयपुर, दिनांकः 7/10/2013

प्रेषकः मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान जयपुर।

प्रेषितिः समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलक्टर्स) राजस्थान।

विषयः विधानसभा आम चुनाव, 2013– स्वीप कार्ययोजना– न्यूनतम वोटर टर्न आउट वाले 10 प्रतिशत मतदान केन्द्रो के संबंध में।

सन्दर्भः चुनाव विभाग का पूर्व पत्रांक एफ–4(3)(3) रोल्स/स्वीप/निर्वा/2013/2209 दिनांक 05.06.2013

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा गत विधानसभा आम चुनाव 2008 में विधानसभावार ऐसे 10 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की पहचान कर उनकी सूचना चाही गई थी, जहॉ गत चुनाव में सबसे कम मतदान हुआ। आपसे यह भी अपेक्षा की गई थी कि आप ऐसे न्यूनतम मतदान वाले 10 प्रतिशत केन्द्रों की सूचना मय कम मतदान के कारणों के प्रेषित करेंगें। इस कम में आपसे सूचना प्राप्त हुई है, परन्तु आप द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्रवार न्यूनतम वोटर टर्न आउट रहने के कारण अंकित नहीं किये गये है, जिसके कारण इन केन्द्रों के लिये आगामी चुनावों के लिये ''माइको लेबल'' पर कार्ययोजना बनाना संभव नहीं हो सकेगा।

2. अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इन चिन्हित मतदान केन्दों का पुनरावलोकन करें तथा कम मतदान के कारण भी अंकित करें। चूँकि गत आम चुनाव के बाद मतदान केन्द्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है इसलिए यह संभव है कि मतदान केन्द्रों के कमांक भी परिवर्तित हो गये है। ऐसी स्थिति में आप नये/पुराने मतदान केन्दों की सूची की मेपिंग करनी होगी।

3. बिन्दु संख्या 2 के कम में इस हेतु इस पत्र के साथ **फोरमेट–T** तैयार किया गया है जिसमें मतदाताओं के वोटर टर्न आउट से संबंधित सूचना तैयार की जानी है। उक्त सूचना विभाग की वेब साईट पर **स्वीप पोर्टल** पर जिला स्तर से अंकित की जानी है। यह कार्य आवश्यक रूप से 7 अक्टूबर 2013 तक पूर्ण कर लिया जाये।

C:\Users\Dy-CEO\Desktop\dk.docx

4. पैरा 3 के अनुसार उल्लेखित फोरमेट में सूचना तैयार करते समय गत् विधान सभा आम चुनाव के दौरान कम वोटर्स टर्न आउट के स्पष्ट कारण अंकित करें जिससे कि इन कारणो को ध्यान में रखते हुए तद्नुसार इन मतदान केन्द्रो का मतदान का प्रतिशत बढाने हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार की जा सके।

5. उपरोक्त पैरा 4 के अनुसार चिन्हित किये गये मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत बढाने हेतु निम्न प्रकार से कार्य योजना तैयार करने के विषय में कार्यवाही की जा सकती है–

5.1 <u>विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर स्वीप टीम का गठन</u>– सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर स्वीप कार्य योजना की कियान्विती हेतु एक समर्पित टीम (dedicated team) का गठन करेगें। उक्त टीम समय–समय पर गत विधान सभा आम चुनाव के दौरान कम वोटर टर्न आउट वाले मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेगी तथा यहाँ के मतदाताओं से व्यक्तिगत संवाद कर कारणों को ज्ञात करेगी तथा आगामी विधान सभा आम चुनाव के दौरान मतदान के लिये प्रेरित करेगी।

5.2 कम वोटर टर्न आकार वाले मतदान केन्द्रो में यथा स्थिति प्रचार की कार्यवाही की जायेगी। यदि इन क्षेत्रो में साक्षरता प्रतिशत कम है तो प्रचार प्रसार की कार्यवाही के दौरान लघु फिल्म, नुक्कड नाटक एंव व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से प्रचार किया जायेगा। यदि मतदान प्रकिया की जानकारी नही है तो तद्नुसार लघु फिल्म का प्रर्दशन किया जाये। यदि ईवीएम की कार्य प्रणाली की अनभिज्ञता के आधार पर मतदान कम हुआ है तो इन क्षेत्रों में व्यापक रूप से ईवीएम का प्रायोगिक प्रदर्शन किया जावे। यदि मतदान का प्रतिशत किसी सामाजिक बाधा या किसी अन्य कारणों से कम है तो इन क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क कर इनका सहयोग लिया जावे। ऐसे क्षेत्रो में नियमित रूप से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सैक्टर अधिकारी भी भ्रमण करें। भयग्रस्त क्षेत्र होने पर पुलिस अधिकारियों के साथ भी भ्रमण किया जाये।

5.3 महिला मतदाताओ को प्रेरित करने हेतु आगंनबाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगी एवं स्वंय सहायता ग्रुप्स का भी सहयोग लिया जाये। बी.एल.ओ. अपने–अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर इनके माध्यम से सभी की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

6. पैरा 3 में उल्लेखित सूचना तैयार करते समय प्रपत्र के कॉलम 6 में पैरा 5 के अनुसार प्रस्तावित कार्य योजना अंकित करें।

7. स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले का वोटर टर्नआउट 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ाना है, अतः कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग स्तर पर मोनिटरिंग के लिए प्रपत्र--ए, प्रपत्र--एन तैयार किया गया है। उक्त प्रपत्र में सूचनाएं प्रत्येक सोमवार को विभागीय वेबसाइट http://ceorajasthan.nic.in पर उपलब्ध स्वीप पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें।

कृपया उपरोक्त दिशा--निर्देशो की पालना की जाना सुनिश्चित करे।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय,
ह0
(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर

Format-T

Under bridging the gap strategy of SVEEP

(Micro Planning)

10:% Lowest total voter turn out polling stations (AC wise) in Assembly General Election 2008

Name of Assembly Constituency: ....

S.N.	Part No.		Voter turnout in General Assembly Election, 2008 (Strictly in % only)	Reasons identified	Activities to increase voter turn out significantly	Voter Turnout after General Assembly Election, 2013 (Strictly in % only)
	In (2008)	In (2013)				
1	2	3	5	6	7	

Weekly SVEEP Report (WSR) to be submitted on

every Monday till Poll day

District: .... as on .... (07-10-2013)

Format-A

S.No.	Activity	Date	Place of activity	Target group	Name of City/Village	Name of AC
1	2	3	4	5	6	7

Format-N

S.No.	No. of Posters	No. of Stickers	No. of Hoardings	Target group	Name of City/Village	Name of AC
1	2	3	4	5	6	7